>

Title: Regarding declared relief package for the kin of victims injured in serial bomb blasts in Ahmedabad on 26 July, 2008.

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद): अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि 26 जुलाई को अहमदाबाद में करनावती में, मेरे निर्वाचन क्षेत्र में और आदरणीय आडवाणी जी के क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा बड़े बम विस्फोट किए गए और पहली बार अस्पतालों को निशाना बनाया गया। उनमें 56 निर्दोष लोगों की जानें गई जिन में सेवा करने वाले लोग भी थे, महिलाएं थीं, बच्चे थे। उनमें 262 लोग घायल भी हुए थे। राज्य सरकार ने मुआवजे के तौर पर राशि देने की घोषणा की थी। 28 जुलाई को आदरणीय सोनिया जी और आदरणीय प्रधान मंत्री घटना स्थल पर लोगों से मुलाकात करने गए थे और वहां घोषणा की थी कि प्रत्येक मृतक के परिवार वालों को साढ़े तीन लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की राशि सहायता के तौर पर दी जाएगी। आज

* Not recorded

करीबन चार महीने पूरे होने वाले हैं। मृतकों में से केवल 53 लोगों को ही राशि मिली है लेकिन जो 262 लोग घायल हैं, उनको कोई सहायता राशि नहीं मिली है। राज्य सरकार ने घायलों और मृतकों को पूरी राशि दे दी है। केन्द्र सरकार ने प्रत्येक घायल को जो 50 हजार रुपए की राशि देनी है, वह उन्हें आज तक प्राप्त नहीं हुई है। मैंने प्रधान मंत्री जी को 9 अगस्त और 19 नवम्बर को दो पत्र लिखे थे कि उन्होंने सहायता के रूप में राशि देने की जो घोषणा की थी, वह आज तक उन्हें नहीं दी गई है। मुझे केवल उस पत्र का एक्नॉलेजमेंट मिला है। अभी तक वह राशि प्राप्त नहीं हुई है। मुझे जानकारी मिली है कि वह राज्य सरकार से यह जानना चाहते हैं कि सीरियस और नॉन सीरियस कितने लोग हैं? मेरा इतना आग्रह है कि एक बार जो घोषणा की गई है, उसे पूरा किया जाए। लोग मेरे घर आते हैं। हर शनिवार और इतवार जब मैं घर जाता हूं तो लोगों की भीड़ रहती है और वे लोग शिकायत करते हैं कि उन्हें केन्द्र सरकार से सहायता प्राप्त नहीं हुई है। मैं आपसे करबद्ध प्रार्थना करूंगा कि आप केन्द्र सरकार को निर्देश दें कि उसने जो घोषणा की है कि वह तुरन्त घायलों को 50 हजार रुपए और मृतकों के परिवार वालों साढ़े तीन लाख रुपए की राशि दी जाएगी, वह दी जाए क्योंकि बहुत समय बीत चुका है। यही मेरी आपसे प्रार्थना है।